## Headline

1. India-UAE: भारत ने पहली बार कच्चा तेल खरीदने के लिए यूएई को रुपये में किया भुगतान
2. 'हिंदू एक धोखा है': स्वामी प्रसाद मौर्य के फिर बिगड़े बोल, RSS प्रमुख और पीएम मोदी का भी किया जिक्र


सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 168 | इंदौर, मंगलवार 26 दिसंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए




दर्दनाक हादसा

# कार पर ट्रक पलटा 4 की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

गुना। गुना में मंगलवार सुबह कार को टक्कर मारने के बाद ट्रक उसके ऊपर पलट गया। हादसे में कार सवार 3 महिलाओं समेत 4 की मौत हो गई। 2 गंभीर घायल हैं। हादसा बायपास पर ढाबे के पास हुआ। राजगढ़ जिले के सारंगपुर के तारागंज का परिवार भिंड जिले के लहार में मकान के उद्घाटन कार्यक्रम में जा रहा था। परिवार के सदस्य तड़के 4 बजे कार से लहार के लिए रवाना हुए थे।

### मृतकों में 3 महिलाएं राजगढ़ से भिंड जा रहा था परिवार

सुबह 7.30 बजे गुना बायपास पर एक जेसीबी क्रॉस कर रही थी। इस वजह से ड्राइवर ने कार रोड से नीचे उतारकर खड़ी कर दी। जेसीबी क्रॉस हो जाने पर ड्राइवर ने कार को जैसे ही सडक़ पर चढ़ाया, तभी पीछे आ रहा ट्रक टकराकर कार पर ही पलट गया। स्क्क विजय कुमार खत्री भी मौके पर पहुंचे। ट्रक में कागज की रद्दी भरी हुई थी।

कार चला रहे सुमित ने बताया कि जेसीबी क्रॉस होने के बाद कार को वापस रोड पर लेकर आ रहा था, पीछ से स्पीड में ट्रक आया। ट्रक ड्राइवर ने न तो हॉर्न बजाया, न ही उसने ब्रेक लगाए। वह सीधा चला आया और गलत साइड ट्रक काट दिया। इससे ट्रक टकराते हुए कार पर पलट गया।

### मूल रूप से लहार का रहने वाला है परिवार

हादसे में रामप्रकाश, जय देवी, रोशनी और गीता की मौत हो गई। भाई-बहन सुमित और राखी घायल हैं। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कैंट ञ्जढ्ढ पंकज त्यागी ने बताया कि 2 की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि बाकी के 2 लोगों ने अस्पताल में दम तोड़ा। परिवार मूल रूप से भिंड जिले के लहार का रहने वाला है। इनमें से एक राजगढ़ जिले के सारंगपुर में सरकारी नौकरी करते थे। इस वजह से यह परिवार सारंगपुर में रहने लगा था।

# आज हो सकती है मंत्रियों के साथ विभागों के बंटवारेपर चर्चा

◆ मध्यप्रदेश मंत्रिमंडल की दूसरी बैठक आज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्यप्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की फुल कैबिनेट बैठक मंगलवार को मंत्रालय में होने वाली है। इसमें मंत्रियों के साथ विभागों के बंटवारे पर चर्चा करेंगे। सरकार की प्राथमिकताओं के बारे में भी बातचीत होगी। बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व ने 6 महीने के लिए कामकाज की गाइडलाइन तय की है, इस बारे में भी मंत्रियों को जानकारी दी जाएगी।

यह डॉ. मोहन यादव कैबिनेट की दूसरी बैठक है। 13 दिसंबर को मुख्यमंत्री ने दोनों डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ल के साथ पहली कैबिनेट मीटिंग की थी। मुख्यमंत्री आज शाम को ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा भी करने वाले हैं।

सीएम डॉ. मोहन यादव ने कैबिनेट का विस्तार सोमवार को किया है। अब कुल मंत्रियों की संख्या बढक़र 31 हो गई है। सोमवार को 28 विधायकों को मंत्री बनाया गया है। दो उप मुख्यमंत्रियों ने 13 दिसंबर को यादव के सीएम पद की शपथ लेने के साथ शपथ ग्रहण कर ली थी। अब जबकि पूरी कैबिनेट गठित हो गई है तो विभागों के बंटवारे का काम भी पूरा करने में जुटे हैं। यह तय है कि सामान्य प्रशासन विभाग अपने पास रखेंगे और बाकी विभागों को उप मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों के बीच बांटेंगे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा पर रहेगा जोर

विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रदेशभर में शुरू हो चुकी है। अब मंत्रियों की जिम्मेदारी तय होगी कि वे जिलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए काम करें। इसके लिए लोगों से संवाद और उनको केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए कहा जाएगा, ताकि चुनाव के पहले सभी लोकसभा क्षेत्रों में 100प्रतिशत हितग्राहियों को लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश के सभी संभागों में अपर मुख्य सचिव और अफसरों की ड्यूटी सामान्य प्रशासन और गृह विभाग द्वारा लगाई गई है। इनकी जिम्मेदारी होगी कि वे संभागों में दो महीने में एक बैठक करें और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जिलों और संभागों का अपडेट लेते रहें। वे मुख्यमंत्री की संभागीय बैठकों में मौजूद रहें।

**प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सेवादल के पदाधिकारियों से किया संवाद**

# राजनीति में सेवादल के सिपाहियों की भूमिका सराहनीय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के सभागार में आज दूसरी पारी में संपन्न हुई मप्र सेवादल के प्रदेश पदाधिकारी और जिला/ शहर अध्यक्षों की बैठक में संवाद कर देश की जतना के लिए सेवादल की महत्वपूर्ण भूमिका को अद्भुत और सराहनीय बताया।**

पटवारी ने कहा कि लोकतंत्र को बचाने और उसे संगठन को मजबूत कर उसे ताकत देने की जिम्मेदारी हम सभी की है। सेवादल अनुशासन के लिए जाना जाता है और सेवादल के एक-एक सिपाही का दायित्व है कि वह घर-घर जाकर अनुशासनात्मक तरीके से कांग्रेस की रीति-नीति, सिद्धांतों, विचारों को जन-जन तक पहुंचायें। सेवादल का कार्यकर्ता प्रेम, त्याग और बलिदान की भावना से देश की सेवा करता है। जो भारत की मूल विचारधारा है, भगवान राम, बुद्ध की विचारधारा है जो हिन्दू धर्म की मूल भावना है भारत वर्ष की मूल भावना है, सभी धर्मों की मूल भावना है वहीं कांग्रेस की मूल भावना है।

श्री पटवारी ने कहा कि 20 सालों से हम सत्ता में नहीं है, लेकिन पूरा जीवन हमने कांग्रेस को दिया है। सेवादल का पार्टी में पूर्ण समर्पण है। सेवादल आत्मबल के साथ काम करती है। सेवादल से जुड़े पुरानी पीढ़ी के लोगों का सम्मान करना हमारी जिम्मेदारी और कर्तव्य है। श्री राहुल गांधी का दृढ़संकल्प है लोकतंत्र की रक्षा करना और उनके संकल्प को पूरा करने के लिए हम लोकतंत्र को बचायेंगे।

### ◆ बैठक में ये पदाधिकारी शामिल थे

बैठक में प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी राजीव सिंह, सेवादल के राष्ट्रीय महासचिव लालजी मिश्रा, प्रदेश पदाधिकारी ब्रजकिशोर शर्मा, हरिशंकर राय, मुईनउद्दीन सिद्धीकी, विजय साहू, ज्ञानसिंह दरबार, सिंटू कटारे, महेश जाटव, लल्ला यादव सहित प्रदेश भर के सेवादल के सिपाही उपस्थित थे। बैठक का संचालन प्रदेश सेवादल के उपाध्यक्ष अरूण रोचवानी ने किया और यंग ब्रिग्रेड के प्रदेश अध्यक्ष गज्जू तिवारी, बृजलाल साहू ने सेवादल की बैठक में उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।

## राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर उपभोक्ताओं को दी गई विभागीय जानकारी**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग इंदौर के सौजन्य से 24 दिसम्बर 2023 को इंदौर नगर निगम के वार्ड 74 के झोन कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला उपभोक्ता आयोग विवाद प्रतितोषण -01 इंदौर की सदस्य श्रीमती साधना शर्मा उपस्थित थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी एम.एल. मारू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रांत सचिव अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत पंडित डी.जी. मिश्रा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जागरूक उपभोक्ता समिति मुकेश अमोलिया आदि मौजूद थे।**

सर्वप्रथम जिला उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी एम.एल.मारू द्वारा उपभोक्ता हित में विभागीय जानकारी एवं आवश्यक कानूनी प्रावधानों से अवगत कराया गया। मारू द्वारा शिविर में उपस्थित दो जागरूक उपभोक्ता के जागरूकता की मिसाल देते हुए विभाग की ओर से पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान एवं हौसला अफजाई की। कार्यक्रम में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की ओर से श्रीमती अलमेहू पी.वी. ने मिलावट जैसे गंभीर विषयों पर बात रखी। उन्होंने जागरूक उपभोक्ता बन ठगी से बचने की बात कही। इस अवसर पर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रांत सचिव पंडित डी.जी. मिश्रा द्वारा वर्षों से जागरूक उपभोक्ता संबंधी जीवंत उदाहरणों से उपभोक्ता हित में अपने अनुभव साझा किये।

## इंदौर के सभी 55 सेंटर्स पर फीवर ओपीडी शुरू

**सर्दी-खांसी के पेशेंट्स के लिए नई व्यवस्था; बदलते मौसम को लेकर सीएमएचओ के आदेश**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। ठंड के तेवर इन दिनों भले ही फीके हों, लेकिन इसके पूर्व तापमान में आई गिरावट और अब आगामी दिनों में सर्दी के तीखे तेवर के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के 55 सेंटरों पर फीवर ओपीडी शुरू की है। इसे लेकर सीएमएचओ डॉ. बीएस सेत्या ने बीएमओ व जेडएमओ को तत्काल प्रभाव से यह व्यवस्था लागू करने का आदेश जारी किया है।**

दरअसल हर बार ठंड के मौसम में सामान्य सर्दी, खांसी, बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ती है। इस साल ठंड अभी असरदार नहीं है लेकिन पिछले कुछ दिनों में तापमान में गिरावट आई थी। अू दिसम्बर के आखिरी दिनों में ठंड फिर असरदार होने के आसार हैं। दूसरी ओर पिछले दिनों कोरोना (ए सिम्टेमैटिक) के भी तीन मरीज मिले थे। हालांकि चिंता जैसी कोई बात नहीं है लेकिन एहतियात बतौर सर्दी, खांसी के मरीजों के लिए यह व्यवस्था शुरू की है। यह आदेश 22 दिसम्बर को शाम जारी किया गया है। इस बीच रविवार व सोमवार को क्रिसमस का अवकाश है। ऐसे में 26 दिसम्बर से इन सभी 55 सेंटरों पर प्रभावी तरीके से काम होगा तथा कुछ पर तो शुरू से ही ओपीडी का संचालन भी हो रहा है। अब इन सेंटरों पर सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक व शाम को 4 से 6 बजे तक फीवर ओपीडी खुली रहेगी।

आईएलआई ब्रांच के इंचार्ज डॉ. अमित मालाकार के मुताबिक सर्दी-खांसी के लक्षण होने पर कई मरीज शंका में जांच करवा रहे हैं। ऐसे में जांच के पहले डॉक्टरों से परामर्श जरूरी है। इसके चलते सभी स्वास्थ्य केंद्रों (सरकारी हॉस्पिटल, संजीवनी क्लिनिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र) पर ओपीडी शुरू की है। इन केंद्रों पर मरीजों के उपचार के साथ डॉक्टरों द्वारा परामर्श भी दिया जा रहा है। डॉ. मालाकार ने स्पष्ट किया कि सैंपल कलेक्शन (कोरोना) के लिए कुल 13 सेंटर हैं जिनमें एमजीएम मेडिकल कॉलेज, मानपुर, महू, हातोद, देपालपुर, बेटमा व सांवेर हैं। शहरी में जिला अस्पताल, पीसी सेठी, बाणगंगा, मांगीलाल चूरिया, हुकुमचंद पॉली क्लिनिक व मल्हारगंज सिविल हॉस्पिटल है। यहां आरटीपीसीआर की जांच होगी लेकिन उस स्थिति में जब डॉक्टर के परामर्श किए जाने के बाद ही होगी।

## लायन्स का 66वां स्थापना दिवस मना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। लायन्स क्लब ऑफ इन्दौर का 66वां स्थापना दिवस होटल किंग पार्क में मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथियो का स्वागत अध्यक्ष सतपाल सनूजा (डॉली) द्वारा किया उषा शर्मा और यश शर्मा द्वारा चार्टर सदस्य ला.सुभाष गाँधी और रेनु गुप्ता जी का सम्मान किया गया। लायंस क्लब के सभी सेवा मनीषियों को डि.गवर्नर द्वारा इंटरनेशनल सटीफिकेट दिए गए और कलब का मार्गदर्शन किया सभा का संचालन मनीष गुप्ता ने किया ।अतं में आभार मंजू गुप्ता ने माना।

## लोकतंत्र सेनानी संघ का आयोजन

इंदौर। इंदौर में आयोजित सातवें अ. भा. मुद्रा महोत्सव-23 के सफल एवं सार्थक आयोजन के लिए लोकतंत्र सेनानी संघ द्वारा भाजपा कार्यालय पर महोत्सव के सूत्रधार गिरीश शर्मा आदित्य का सम्मान किया गया। सेनानी संघ की ओर से उपाध्यक्ष गणेश अग्रवाल, लोकतंत्र प्रहरी संघ के संयोजक विपिन शेखावत, अब्दुल गफ्फार खान, नियामत उल्लाह खान, बाबूलाल शर्मा, नरोत्तम माहेश्वरी, दयाराम वर्मा, गंगाराम चौधरी, रामचरण सहित अनेक मीसा बंदियों ने गिरीश शर्मा आदित्य का सम्मान कर उन्हें मुद्राओं के गौरवशाली भारतीय इतिहास से नई पौध को रुबरू कराने के लिए धन्यवाद दिया। वरिष्ठ अभिभाषक आलमगीर गौरी ने भी उनके प्रयासों को सलाम करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन निरंतर होते रहना चाहिए, ताकि भारतीय संस्कृति और प्राचीन सिक्कों के इतिहास से हमारी नई पीढ़ी अवगत हो सके।



©www.detectivegroupreport.com

## ब्राम्हण सेवा संगठन का अन्नकूट महोत्सव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। ब्राह्मण सेवा संगठन द्वारा मल्हार गार्डन में आयोजित एक समारोह में नवनिर्वाचित विधायक गोलू शुक्ला एवं मधु वर्मा का सम्मान किया गया। इस अवसर पर भगवान गिरिराज धरण एवं भगवान परशुराम जी को फलहारी 56 भोग समर्पित कर अन्नकूट महोत्सव भी मनाया। संगठन के अध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा एवं मीडिया प्रभारी पं. नीलाभ सुगंधी ने बताया कि भजन गायक कपिल कुमावत के भजनों ने भक्तों को मंत्रमुग्ध बनाए रखा। निरामय सेवा संजीवन द्वारा संचालित सेवा गतिविधियों की जानकारी अध्यक्ष पं. राजेन्द्र शर्मा ने दी। इस मौके पर बालीपुर धाम के संत योगेश महाराज एवं महामंडलेश्वर रामगोपालदास महाराज के सान्निध्य में पं. योगेन्द्र महंत, उद्योगपति पं.अनुपम तिवारी, पं.अटल शर्मा, पं.संजय मिश्रा, पं.चंद्रमोहन दुबे, पं.अनूप शुक्ला, पं.गौतम मारवाल, पं.महेश शर्मा, पं.कमल शर्मा, एमआईसी सदस्य पं.अभिषेक बबलू शर्मा, पं.अश्विनी शुक्ल, पं.मनीष शर्मा मामा एवं राधेश्याम शर्मा गुरुजी का स्वागत सम्मान भी किया गया।

## रणजीत हनुमान मंदिर में अक्षत कलशों का पूजन

**अयोध्या में रामजी की प्राण-प्रतिष्ठा, परिवारों को देंगे निमंत्रण**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सोमवार 22 जनवरी को श्रीराम जी के भव्य मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा होने जा रही है। इसके लिए अयोध्या से अभिमंत्रित अक्षत कलश इंदौर के रणजीत हनुमान मंदिर लाए गए। यहां इन अक्षत कलश का विधि-विधान से पूजन किया गया। आगामी 1 जनवरी से परिवारों को निमंत्रण दिया जाएगा।**

सोमवार को रणजीत हनुमान मंदिर में मुख्य पुजारी पं.दीपेश व्यास द्वारा भगवान के समक्ष इन अक्षत कलश को रखकर पूरे विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चन किया गया। इस दौरान लोकेश सोलंकी, विशाल गुप्ता, तेज सिंह मुछाल, रामकुमार गुप्ता, अज्ञेय यादव, सचिन गुप्ता, गणेशन पाठक, रमाकांत मुजावदिया, भगवती प्रसाद कुंडल, सुभाषचंद्र शर्मा, नरेश व्यास, पूनमचंद चौधरी, रवि मोरे एवं सभी स्वयंसेवक व भक्तगण उपस्थित थे।

संभाग में विकास कार्यों की प्रगति सराहनीय और संतोषप्रद

# अपूर्ण निर्माण कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरे किए जाए

## शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों के लाभ से कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित नहीं रहे

◆ अपर मुख्य सचिव एवं इंदौर संभाग के प्रभारी मलय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक सम्पन्न



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **अपर मुख्य सचिव तथा इंदौर संभाग के प्रभारी मलय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सोमवार को यहां कलेक्टर कार्यालय में इंदौर संभाग में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपर मुख्य सचिव स्तर के अधिकारियों को विकास कार्यों की समीक्षा का संभाग स्तरीय दायित्व दिया है। यह अधिकारी जिले और राज्य के बीच में सेतु का कार्य करेंगे। इंदौर संभाग का दायित्व अपर मुख्य सचिव मलय श्रीवास्तव को मिला है।**

इस संभाग स्तरीय बैठक में सांसद शंकर लालवानी, संभागायुक्त मालसिंह, कलेक्टर इंदौर डॉ. इलैयाराजा टी, मध्यप्रदेश पश्चिम विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक अमित तोमर, नगर निगम आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह, विधायक मधु वर्मा, गोलू शुक्ला, श्रीमती छाया मोरे, कालूसिंह ठाकुर सहित संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।

अपर मुख्य सचिव मलय श्रीवास्तव ने विभागवार विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की समीक्षा के लिये अब हर माह समीक्षा बैठक होगी। अगले बैठक में मुख्यमंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। हर माह एक बैठक वीसी के माध्यम से भी होगी। मैदानी स्तर पर पहुंचकर भी समीक्षा की जायेगी। आज 22 विभागों के फ्लेगशीप प्रोजेक्ट, प्रगतिरत तथा स्वीकृत कार्यों, योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। श्रीवास्तव ने कहा कि जिले से लेकर राज्य स्तर तक पूर्ण समन्वय से कार्य होगा। कठिनाईयों को दूर कराने के प्रयास होंगे। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा की समीक्षा के दौरान कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का महत्वपूर्ण अभियान है। इस अभियान के सभी घटकों के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा को अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के अन्तर्गत यह सुनिश्चित किया जाये कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित नहीं रहे। उन्होंने निर्देश दिये कि 26 जनवरी तक इस अभियान का निरन्तर क्रियान्वयन किया जाये।

उन्होंने विभिन्न विभागों के विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बताया गया कि संभाग में 25000 करोड़ रूपये के विकास कार्य प्रगतिरत हैं। समय सीमा में इन विकास कार्यों को पूर्ण किया जाये। उन्होंने लोक निर्माण विभाग द्वारा कराये जा रहे सड़कों एवं पूल निर्माण के कार्यों की प्रगति की भी जिलेवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि स्वीकृत सभी विकास कार्यों का निर्माण अतिशीघ्र प्रारंभ कर दिया जाये। उन्होंने कहा कि इंदौर जिले में जल जीवन मिशन के तहत सभी कार्य मार्च अंत तक पूर्ण करें। जल जीवन मिशन में सतत रूप से जलापूर्ति बनी रहे, ऐसे प्रयास करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाये कि जल जीवन मिशन के कार्यों के लिये जहां रोड खोदी जाये उसकी तुरंत मरम्मत भी की जाये। जल संसाधन विभाग के कार्यों की समीक्षा की दौरान निर्देश दिये गये कि कारम डेम की मरम्मत का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाये।

बैठक में बताया गया कि जनमन योजना के तहत अनुसूचित जनजाति के 100 परिवारों आबादी तक के गाँवों, मजरे-टोलों को सड़क से जोड़ा जायेगा। इसके लिये सर्वे कर शीघ्र गांववार योजना बनाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिये सांसद, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधियों से प्रस्ताव प्राप्त कर तकनीकी स्वीकृति के साथ एक हफ्ते में भेजें। उन्होंने कहा कि मांस-मछली का अवैध रूप से और खुले में विक्रय नहीं हो यह सुनिश्चित किया जाये। इस संबंध में की जा रही कार्यवाही निरन्तर जारी रहे। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपूर्ण आवासों का निर्माण शीघ्र पूरा किया जाये। उन्होंने ट्रान्सफार्मरों की उपलब्धता, वितरण, जले एवं खराब ट्रान्सफार्मरों के बदलाव आदि की भी समीक्षा की ।

राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिये कि समय सीमा में राजस्व प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित किया जाये। 6 माह की अवधि के प्रकरणों का अभियान चलाकर निराकरण किया जाये।

बैठक में सांसद शंकर लालवानी सहित विधायकों ने क्षेत्रीय समस्याओं और जरूरतों पर चर्चा की। सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि पितृ पर्वत से लेकर देपालपुर तक फोरलेन रोड बनायी जाना अत्यंत जरूरी है। इसके साथ ही इंदौर-उज्जैन रोड को 6 लेन बनाने की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाये। इंदौर शहर तथा आसपास के क्षेत्रों के विकास संबंधी योजनाओं में आ रही दिक्कतों पर भी चर्चा की गई।

## इंदौर संभाग के प्रभारी अधिकारी एडीजीपी जयदीप प्रसाद ने ली समीक्षा बैठक

**इंदौर।** अपराधों पर नियंत्रण एवं बेहतर कानून व्यवस्था तथा पुलिस की कार्यप्रणाली को और बेहतर करने तथा उसमें और कसावट लाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन द्वारा संभाग स्तर पर कानून व्यवस्था एवं पुलिस के कार्यों की समीक्षा के प्रभावी अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण हेतु, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (नारकोटिक्स) पुलिस मुख्यालय भोपाल जयदीप प्रसाद को इंदौर संभाग का प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। उक्त बैठक में पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर मकरंद देऊस्कर, पुलिस महानिरीक्षक इंदौर रेंज (ग्रामीण) राकेश गुप्ता, अति. पुलिस आयुक्त (का./व्य.) इंदौर मनीष कपूरिया, अति. पुलिस आयुक्त (अपराध/मुख्यालय) इंदौर मनोज कुमार श्रीवास्तव, उप पुलिस महानिरीक्षक इंदौर रेंज (ग्रामीण) राजेश हिंगणकर सहित नगरीय इंदौर में पदस्थ सभी पुलिस उपायुक्तगण, इंदौर संभाग के सभी जिलों- इंदौर(ग्रामीण), धार, झाबुआ, अलीराजपुर, खरगोन, खंडवा, बड़वानी, बुरहानपुर के पुलिस अधीक्षकगण व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## 50 कलाकारों ने गीतों के माध्यम से दी मोहम्मद रफी को श्रद्धांजलि

**इंदौर।** मोहम्मद रफी की जयंती पर क्लब द्वारा 100 गीतों का संगीतमय आयोजन पार्श्व गायक मोहम्मद रफी की जयंती उन्हे श्रद्धांजलि देने हेतु मेरी दोस्ती मेरा प्यार आयोजन के माध्यम से 100 गीतों के माध्य से 50 कलाकारों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। आयोजक एवं संयोजक दीपक पाठक एवं रेखा रावल ने बताया की रफी साहब की जयंती पर 25 दिसंबर को अभिनव कला समाज में आयोजन में करीब 50 कलाकारों ने अलग अलग गीतों के माध्यम से अपने गीत प्रस्तुत किए । आयोजन में शहर के हरफनमौला गायक नासिर खान एवं जगदीश शाह को संगीत सेवा सहारा मोहम्मद रफी अवार्ड - 2023 प्रदान किया गया, आयोजन में मुख्य अतिथि प्रवीण खारीवाल स्टेट प्रेस क्लब अध्यक्ष, योगेंद्र महंत पूर्व राज्यमंत्री, अभिषेक गावड़े, हरि अग्रवाल, चंदूराव शिंदे पूर्व पार्षद, अवधेश दवे आइसेक्ट कॉलेज, रंजन सर एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने उक्त अवॉर्ड प्रदान किया।

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

## विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर उपभोक्ताओं को दी गई विभागीय जानकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग इंदौर के सौजन्य से 24 दिसम्बर को इंदौर नगर निगम के वार्ड 74 के झोन कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला उपभोक्ता आयोग विवाद प्रतितोषण-01 इंदौर की सदस्य श्रीमती साधना शर्मा उपस्थित थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी एम.एल. मारू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रांत सचिव अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत पंडित डी.जी. मिश्रा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जागरूक उपभोक्ता समिति मुकेश अमोलिया आदि मौजूद थे। सर्वप्रथम जिला उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी एम.एल.मारू द्वारा उपभोक्ता हित में विभागीय जानकारी एवं आवश्यक कानूनी प्रावधानों से अवगत कराया गया। मारू द्वारा शिविर में उपस्थित दो जागरूक उपभोक्ता के जागरूकता की मिसाल देते हुए विभाग की ओर से पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान एवं हौसला अफजाई की। कार्यक्रम में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की ओर से श्रीमती अलमेहू पी.वी. ने मिलावट जैसे गंभीर विषयों पर बात रखी। उन्होंने जागरूक उपभोक्ता बन ठगी से बचने की बात कही। इस अवसर पर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रांत सचिव पंडित डी.जी. मिश्रा द्वारा वर्षों से जागरूक उपभोक्ता संबंधी जीवंत उदाहरणों से उपभोक्ता हित में अपने अनुभव साझा किये। उपभोक्ता को आगे आकर अपने अधिकार जानने हेतु प्रेरित किया। साथ ही आयोजन में जागरूक उपभोक्ता समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश कुमार अमोलिया द्वारा शासन द्वारा वर्तमान में आम नागरिक को अपनी व्यथा एवं शिकायत सुनाने के मंच की व्यापकता पर बल दिया। आयोजन में पूर्व सहायक आपूर्ति अधिकारी आर.पी.शर्मा द्वारा उपभोक्ता संरक्षण विभाग के कार्यों एवं कर्तव्यों के निर्वहन पर विभागीय कार्य की प्रशंसा की। कार्यक्रम में पेट्रोल पंप डीलर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र वासु द्वारा पेट्रोल पंप आउटलेट पर उपभोक्ता को रखी जाने वाली सावधानी एवं अधिकारों से अवगत कराया। नापतौल विभाग की ओर से एस.ए.खान ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं वक्ता श्रीमती साधना शर्मा ने आम उपभोक्ता को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनने पर जोर दिया। फोरम द्वारा उपभोक्ता को अपने आत्मसम्मान की रक्षा करने एवं क्षतिपूर्ति के प्रावधानों से भी अवगत कराया। कार्यक्रम में खाद्य नागरिक एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग इंदौर अंतर्गत पात्र उपभोक्ताओं की शत-प्रतिशत मोबाइल सीडिंग, उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने पर अजय गर्ग, कैलाश पांचाल, प्रकाशचंद्र गोयल, लोकेश हेमंत सिंह लाहिया, अखिलेश मंडलोई, श्रीमती परिधि अग्रवाल, श्रीमती योगिता सौलंकी, भेरूसिंह जामोद आदि का प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## इंदौर की अनूठी पहल, अयोध्या राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव पर राममय होगा पूरा शहर

एक सप्ताह के लिए स्थापित की जाएगी राम मंदिर की प्रतिकृति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर पूरे देश में उत्साह है। मगर स्वच्छता में देश में नंबर वन इंदौर नगर निगम ने अनूठी पहल करते हुए पूरे शहर को राममय करने की तैयार कर ली है। यह उत्सव एक सप्ताह तक चलेगा।**

15 से 22 जनवरी तक शहर के सभी शापिंग माल, व्यावसायिक प्रतिष्ठान, बड़े बाजार और सार्वजनिक स्थलों पर राम मंदिर की प्रतिकृति लगाई जाएगी। संस्थानों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर इस दौरान विशेष रोशनी भी की जाएगी। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने इस संबंध में शापिंग माल, बड़े बाजार, व्यावसायिक संस्थान संचालकों को पत्र जारी कर कहा है कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के भव्य मंदिर का लोकार्पण राष्ट्र के लिए गौरव का विषय है। सभी अपने संस्थान में राम मंदिर की थमाकोंल की प्रतिकृति स्थापित करें और संस्थान पर विशेष रोशनी भी करें।

पत्र में भार्गव ने कहा है कि तिरपाल से भव्य मंदिर में रामलला की पुनर्स्थापना के महाआयोजन पर शहरवासियों के उत्साह और श्रद्धा को देखते हुए सभी शापिंग माल, बड़े बाजार, व्यावसायिक संस्थान की सहभागिता की आवश्यकता है। जिस तरह दीपावली पर्व पर हम सभी घरों में दिए प्रज्वलित कर रोशनी करते हैं और खुशियां मनाते हैं, उसी तरह इस पावन अवसर पर भी इस महोत्सव में भागीदारी निभाएं।

### नगर निगम करेगा मदद

महापौर ने कहा कि इंदौर उत्सवों का शहर है। कई अवसरों पर शापिंग माल, व्यावसायिक संस्थान और बड़े बाजारों में रोशनी कर सजावट की जाती है। शहर में कई कलाकार हैं जो थमार्कोल, गत्ते आदि से भव्य और बड़ी प्रतिकृतियां तैयार करते हैं। राम मंदिर की प्रतिकृति के लिए शापिंग माल, सार्वजनिक बाजार, व्यावसायिक संस्थान उनसे संपर्क कर सकते हैं। इसके बावजूद अगर किसी को परेशानी आती है तो निगम हर संभव मदद करेगा।

### विश्राम बाग में स्थायी रूप से स्थापित की जा चुकी है राम मंदिर की प्रतिकृति

इसके पहले शहर के विश्राम बाग में राम मंदिर की प्रतिकृति स्थापित की जा चुकी है। राम मंदिर की यह प्रतिकृति 21 टन स्क्रैप से तैयार की गई है। 26 फीट चौड़ाई और 40 फीट लंबाई क्षेत्रफल वाली इस राम मंदिर प्रतिकृति की ऊंचाई 24 फीट है। इसे दो कलाकारों ने 20 वेल्डरों की मदद से करीब 65 दिन में तैयार किया है। राममंदिर की इस प्रतिकृति पर विशेष रोशनी की व्यवस्था भी की गई है।

# धार जिले को नहीं मिला मंत्री पद

**◆संसदीय क्षेत्र से तीन विधायक, पिछली सरकार में दो विधायक बने थे कैबिनेट मंत्री**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**धार। लंबे इंतजार के बाद सोमवार को डॉ. मोहन सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ। 18 कैबिनेट मंत्री समेत 28 मंत्रियों ने शपथ ली। हालांकि नई टीम में धार जिले से किसी भी स्थान नहीं मिला है। धार से विधायक नीना वर्मा लगातार चौथी मर्तबा धार से चुनाव जीतकर आई हैं। इसी तरह आदिवासी क्षेत्र से लाल सिंह ठाकुर भी दूसरी बार चुनाव जीते हैं। जिले को मंत्रिमंडल में भागीदारी नहीं मिलने से भाजपा कार्यकर्ताओं में मायूसी हैं।**

### संसदीय क्षेत्र से थे दो मंत्री

इंदौर संभाग का धार जिला आदिवासी बाहुल्य जिला है। यहां पर कुल 7 विधानसभा सीटें हैं। जिसमें से दो सामान्य सीटें भी शामिल हैं। इंदौर जिले की महू विधानसभा संसदीय क्षेत्र के हिसाब से धार में शामिल होती है। धार-महू संसदीय क्षेत्र से वर्तमान में छतर सिंह दरबार सांसद हैं। संसदीय सीट बात की जाए तो धार, धरमपुरी के बाद महू से उषा ठाकुर चुनाव जीती हैं। इस हिसाब से तीन भाजपा के विधायक हैं। 2020 में हुए उपचुनाव के बाद संसदीय सीट से दो विधायकों को मंत्री बनाया गया था, जिसमें बदनावर सीट से राज्यवर्धन सिंह दत्तीगांव व महू विधानसभा से उषा ठाकुर को कैबिनेट मंत्री बनाया गया था। साथ ही कुछ दिन बाद बदनावर के नेता राजेश अग्रवाल को राज्यमंत्री का दर्जा भी दिया गया था, ऐसे में संसदीय क्षेत्र के तीन नेता भोपाल में थे।

### जिला बना कांग्रेस का गढ़

प्रदेश की भाजपा सरकार के पास प्रचंड बहुमत हैं, विधानसभा चुनाव भी भाजपा के पक्ष में रहे हैं, लेकिन प्रदेश के परिणामों के विपरीत धार की स्थिति रही है। यहां पर जिले की 7 में से पांच विधानसभा सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशी विजय हुए हैं। मनावर, गंधवानी, सरदारपुर, कुक्षी व बदनावर सीटों पर कांग्रेस के दिग्गज नेता चुनाव जीते हैं। इसी प्रकार की स्थिति 2018 के चुनाव परिणाम में भी सामने आई थी, तब धार सीट को छोड़कर कांग्रेस के 6 विधायक चुनकर सामने आए थे, हालांकि उपचुनाव के बाद कांग्रेस के पास पांच सीटें ही बची थीं। ऐसे में धार जिला पिछले लंबे समय से कांग्रेस का गढ़ बन चुका है।

### कांग्रेस ने दिया नेता प्रतिपक्ष

प्रदेश में कांग्रेस की बुरी स्थिति इस चुनाव में रही, कांग्रेस को 60 सीटों में से 8 प्रतिशत के करीब सीटें धार से ही मिली हैं। ऐसे में आदिवासी क्षेत्र में पकड़ को मजबूत रखने के लिए कांग्रेस ने विधायक उमंग सिंघार को नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया, जिसके बाद कयास लगाए जा रहे थे कि धार को एक मंत्री पद मिलेगा, जो समय-समय पर नेता प्रतिपक्ष को जिले में ही घेर कर रखे व सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार कर सके। किंतु इसके विपरीत धार को स्थान नहीं मिला है।

# भिंड पुलिस ने फर्जी एसआई पकड़ा

**उत्तर प्रदेश में ठगी करने के इरादे से थाने से लेना चाहता था पुलिस गार्ड**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भिंड। भिंड की उमरी थाना पुलिस ने एक फर्जी एसआई को दबोच लिया है। उक्त व्यक्ति ठगी के लिए उत्तर प्रदेश के एक जेलर से मिलने के लिए जा रहा था! वह रौब जमाने के लिए भिंड की उमरी थाना पुलिस से दो जवान चाहता था। आरोपी ने कंट्रोल रूम में संपर्क किया और हेड क्वार्टर डीएसपी से भी बातचीत की। हेडक्वार्टर डीएसपी संजय कोच्छा ने बातचीत के दौरान आरोपी की नीयत को भांप लिया और उमरी थाना पुलिस को भेज कर पकड़ाया। आरोपी के खिलाफ देहात थाना में मुकदमा दर्ज कराया गया।**

आरोपी इटावा जिले के सहसों थाना क्षेत्र के पिपरौली गडिया का रहने वाला है। हैड क्वार्टर डीएसपी संजय कोच्छा मुताबिक यह युवक पहले भी दो-तीन जगह खुद को फर्जी एसआई बताकर रुपये ऐंठने के साथ ही गार्ड ले चुका है।

जानकारी के मुताबिक रविवार की सुबह करीब 10:00 बजे पुलिस कंट्रोल रूम में पदस्थ हवलदार अरुण दीक्षित के पास एक युवक ने फोन लगाया जिसे स्वयं को भोपाल कमिश्नर हरि नारायण चारी मिश्रा के कार्यालय में पदस्थ होना बताया। उसने पुलिस कंट्रोल रूम में चर्चा कर डीएसपी हेड क्वार्टर और उमरी थाना प्रभारी का नंबर लिया। यहां उक्त युवक ने डीएसपी हेड क्वार्टर से चर्चा करते हुए स्वयं को एस आई वीरेंद्र सिंह नाम बताया। उक्त युवक ने डीएसपी हेड क्वार्टर से कहा कि आपसे भोपाल पुलिस कमिश्नर बात करना चाहेंगे। इस दौरान डीएसपी हेडक्वार्टर में फोन पर सेल्यूट किया इस समय सामने से आवाज आई बेटा कैसे हैं?

यह सुनते ही डीएसपी हेड क्वार्टर सतर्क हो गए और उन्होंने चर्चा के दौरान कुछ जानकारी ली और वह समझ गए कि यह फर्जीवाड़ा है। बातचीत के दौरान उक्त फर्जी व्यक्ति आवाज बदलकर बात कर रहा था तभी उसने दो जवान उमरी थाना से लेकर यूपी जाने की बात कही। जब पुलिस ने आरोपी का मोबाइल नंबर सर्विस लाइन पर लिया तो वह लोकेशन लोन थाना क्षेत्र में मिली। तभी उमरी थाना पुलिस भेज कर आरोपी को कार्य समय पकड़ लिया।

# गुरुग्राम में मंदिर की दीवार गिरी, 5 मजदूर दबे-एक की मौत

**ढही मिट्टी, मरने वाला मध्यप्रदेश का**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुरुग्राम। हरियाणा के गुरुग्राम के सेक्टर 15 जगन्नाथ मंदिर के अंदर चल रहे निर्माण कार्य के दौरान सोमवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां अचानक से दीवार गिर गई और नीचे बेसमैंट में काम कर रहे 5 मजदूर मलबे में दब गए। जिसमें से एक की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस और बचाव कार्य बल मौके पर पहुंचा।**

गुरुग्राम में मंदिर की बेसमेंट की खुदाई का काम चल रहा था। जहां पर 5 मजदूर काम कर रहे थे। बेसमेंट की खुदाई के दौरान मिट्टी गिरने से मजदूर दब गए। 4 को तुरंत रेस्क्यू कर लिया गया, जबकि एक दबा रहा। सूचना पाकर थाना सिविल लाइन्स व एसडीआरएफ की पुलिस टीमें तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और मजदूर को बाहर निकालकर तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक की पहचान राजेश कुमार (26) खैरवार निवासी गांव मझगवाहार, सतना (मध्यप्रदेश) के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। पुलिस टीम द्वारा नियमानुसार आगामी कार्यवाही की जा रही है।

# कोहरे में बस समेत 3 वाहन टकराए, दो की मौत

## बागेश्वर धाम से ग्वालियर लौट रहे थे श्रद्धालु

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर/झांसी। छतरपुर स्थित बागेश्वर धाम से लौट रहे ग्वालियर के श्रद्धालुओं की बस उत्तर प्रदेश के झांसी में हादसे का शिकार हो गई। सोमवार सुबह हुए एक्सीडेंट में एक महिला श्रद्धालु और बस ड्राइवर की मौत हो गई जबकि 14 यात्री घायल हैं।**

झांसी में मेडिकल बायपास पर बस के आगे चल रहे ट्रक ड्राइवर ने अचानक ब्रेक लगा दिए। बस अनियंत्रित होकर ड्राइवर साइड से ट्रक में घुस गई। ठीक इसी समय पीछे से आ रहा मिनी ट्रक भी टकरा गया। हादसे की वजह घना कोहरा बताया जा रहा है। घायलों को मेडिकल कॉलेज, झांसी में भर्ती कराया गया है। घायल महिला यात्री ने बताया कि बस मालिक ने जल्द लौटने का दबाव बनाया तो हमें कोहरे में निकलना पड़ा।

### यात्री सो रहे थे, अचानक तेज धमाका हुआ

एक अन्य घायल कशिश शर्मा (40) ने बताया, हमैंने 3 महीने पहले बागेश्वर धाम में गुरुजी से दीक्षा ली थी। हम टूरिस्ट बस किराए पर लेकर रविवार को बागेश्वर धाम पहुंचे। शाम को लौटना था, लेकिन रात वहीं रुकने का प्लान बन गया। बस मालिक से बात की तो वह रुकने के लिए तैयार नहीं हुआ। अनुरोध करने पर 7 हजार रुपए एक्स्ट्रा ले लिए। इसके बाद वह सुबह 10 बजे तक ग्वालियर आने का दबाव बनाने लगा। मजबूरन हम लोगों को सुबह 3 बजे कोहरे में ग्वालियर के लिए निकलना पड़ा।

### हादसे में इनकी गई जान

बस ड्राइवर जितेंद्र (32) पिता रामहेत, निवासी ग्वालियर, श्रद्धालु राजेश्वरी पथिक (58) पत्नी एमके पथिक, निवासी ग्वालियर

### ये यात्री हुए घायल

हादसे में राजेश्वरी की बेटी विनीता (28), ग्वालियर निवासी कशिश शर्मा (40), उनके पति अमित शर्मा (45), बेटा यश शर्मा (17), कशिश की गुरु बहन महाराष्ट्र निवासी आरती गंगौती (47), पप्पू महाराज (26), ग्वालियर निवासी सुनीता (40), राधा जादौन (66), दिनेश अग्रवाल (34), प्रेमिका भदौरिया (32), प्रियंका जादौन (29), रमा देवी (50), ग्वालियर के बानमोर निवासी राजेश गोले (48), उनकी पत्नी लक्ष्मी (47) घायल हो गए। विनीता की बेटी प्रद्न्या (2), आराध्या शर्मा (11) और प्रियंका के बेटे किट्‌टू जादौन (9) को चोट नहीं आई।

# दो भाइयों ने किया बैलों का पिंडदान

**बेटा बनकर गंगा में अस्थियां की विसर्जित; 3000 लोगों को कराएंगे तेरहवीं का भोज**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंदसौर । मध्यप्रदेश में दो किसान भाइयों ने बेटा बनकर अपने बैलों का पिंडदान किया। उत्तर प्रदेश में भगवान वराह की नगरी सोरों में उन्होंने पिंड दान कर उनकी अस्थियां गंगा में विसर्जित कीं। किसान भाइयों ने बताया कि 26 दिसंबर को दोनों बैलों की तेरहवीं का भोज कराया जाएगा। इसमें 3 हजार लोग शामिल होंगे।**

मामला मंदसौर जिले के गांव बाग खेड़ा का है। यहां रहने वाले दो भाई भवानी सिंह और उल्फत सिंह के बैल माना और श्यामा की मौत हो गई थी। तीन महीने पहले माना और 16 दिसंबर को श्यामा ने दुनिया छोड़ दी। दोनों ही बार किसान परिवार ने बैलों का अंतिम संस्कार पूरे विधि-विधान के साथ किया। उनका दाह संस्कार किया गया।

### माना और श्यामा को मानते थे पिता के समान

भवानी सिंह ने बताया, ह्रहमने 30 साल पहले दो बैलों को पाला था। उनका नाम माना और श्यामा रखा था। इन बैलों से खेती का काम कराते थे। वे हमारे परिवार का भरण-पोषण करते थे, इसलिए हम उन्हें पिता की तरह सम्मान देते थे। रविवार को बैलों की अस्थियां लेकर यहां आए। पूजा-पाठ के बाद हरि की पौड़ी गंगा में अस्थियों का विसर्जन किया।

### सनातन में सभी जीवों को एक समान माना गया

बैलों की अस्थियां विसर्जन कराने वाले सोरों के पंडित उमेश पाठक ने कहा, ह्रसनातन में सभी जीवों को एक समान माना गया है। सभी परमात्मा के अंश हैं। किसान बैलों को अपने पुत्र और पिता की तरह मानते हैं। भवानी सिंह और उल्फत सिंह ने बैलों के मरने के बाद उनका इंसानों की तरह अंतिम संस्कार किया है। बेटे की तरह बैलों की अस्थियों का विसर्जन किया है। ये अच्छी बात है। हर किसी को इसी तरह का कर्म करना चाहिए।

# प्रदेश में नए साल की शुरूआत बादल-बारिश से होगी

**भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर में घना कोहरा, रायसेन में विजिबिलिटी 50 मीटर से कम**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में सोमवार को कोहरा रहा। रायसेन में विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम रही। भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, इंदौर, उज्जैन और दूसरे शहरों में सुबह 8 बजे तक घना कोहरा छाया रहा। 9 बजे के बाद कोहरा छंटना शुरू हुआ, लेकिन धुंध बरकरार है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में नए साल की शुरूआत बादल और बारिश से होगी। सीनियर वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस की एक्टिविटी की वजह से ऐसा होगा। 29 से 30 दिसंबर के आसपास वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है। इसके काफी स्ट्रॉन्ग होने का अनुमान है। इस कारण प्रदेश के उज्जैन, ग्वालियर और चंबल संभाग में बादल रहेंगे और बूंदाबांदी हो सकती है। 31 दिसंबर और 1 जनवरी को प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है।

# सीहोर में चर्च की दीवार पर लगा विवादित पम्पलेट

**लिखा- यहां हिंदुओं का आना सख्त मना है**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर।** सीहोर नगर में ऑफिसर्स कॉलोनी के पास स्थित आल सेंट चर्च के गेट पर चिपके हुए पम्पलेट चर्चा का केंद्र बिंदु बने हुए हैं। इन पम्पलेट पर लिखा हुआ है कि यहां हिंदुओं का आना सख्त मना है। जानकारी के अनुसार सीहोर नगर में स्थित इस चर्च में हर साल क्रिसमस के अवसर पर अनेक आयोजन होते हैं आज भी क्रिसमस है तब यह चर्च चचाउं का केंद्र बिंदु बन गया है। चर्च के गेट पर पम्पलेट लगे हुए हैं जिनमें लिखा हुआ है कि हिंदुओं का आना सख्त मना है हालांकि इस संदर्भ में अभी तक चर्च की ओर से कुछ नहीं कहा गया है। बताया गया है कि यह चर्च एशिया के सुंदर चर्चों में से एक है और इसकी बनावट भी अपने आप में काफी आकर्षक है।

Uttarakhand

# रुड़की में दर्दनाक हादसा, ईंट भट्टे की दीवार गिरी, मलबे में दबकर पांच मजदूरों की मौत, तीन गंभीर

**रुड़की, (एजेंसी)** उत्तराखंड के रुड़की में मंगलवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। मंगलौर कोतवाली के लहबोली गांव में ईंट भट्टे की दीवार अचानक गिर गई। इस दौरान आधा दर्जन से ज्यादा मजदूर मलबे के नीचे दब गए। अभी तक पांच शव मलबे से निकाले जा चुके हैं। जबकि तीन की हालत गंभीर है।

जानकारी के अनुसार, सुबह ईंट पकाने के लिए चिमनी में ईंट भरते समय हादसा हुआ। मजदूर काम कर ही रहे थे कि दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। इससे पहले कोई कुछ समझ पाता दीवार के पास खड़े मजदूर मलबे में दब गए।

फिलहाल जेसीबी से मलबा हटाने का काम चल रहा है। एसपी



देहात समेत पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। मंगलौर कोतवाली प्रभारी प्रदीप बिष्ट ने बताया कि अब तक पांच शव बाहर निकाले जा चुके हैं। जबकि तीन मजदूरों की हालत गंभीर बनी है, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से तीन मजदूर लहबोली गांव, एक मजदूर मुजफ्फरनगर और अन्य स्थानीय गांव के थे।

Uttarpradesh

## पीलीभीत : गांव में घुसा बाघ, 6 घंटे से दीवार पर जमाए है डेरा... छतों से VIDEO बनाने में जुटे ग्रामीण

**पीलीभीत, (एजेंसी)** यूपी के पीलीभीत में देर रात एक बाघ जंगल से निकलकर रिहायशी इलाके में घुस आया. जब लोगों की नजर उसपर पड़ी तो उनके होश उड़ गए. बाघ का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. वीडियो में वह दीवार पर आराम फरमाता हुआ नजर आ रहा है. आसपास गांववालों की भीड़ जमा है. हालांकि, पहले ही दीवार के चारों तरफ बाड़ेबंदी कर दी गई थी. ताकि बाघ किसी पर हमला ना कर दे. जानकारी के मुताबिक, घटना पीलीभीत के कलीनगर तहसील क्षेत्र के अटकोना की है. यहां बीती रात डेढ़-दो बजे के करीब एक बाघ को देखा गया, जिसके बाद लोग सतर्क हो गए. वन विभाग की टीम को भी सूचित कर दिया गया. जल्दी से रस्सी, तार आदि के जरिए बाघ वाले एरिया को सील कर दिया. बाद में ग्रामीणों ने देखा कि बाघ एक घर के पास दीवार पर डेरा जमाए बैठा है. करीब 7-8 घंटे से वह इसी तरह दीवार के ऊपर टहल-घूम रहा है. वह कभी दीवार पर लेट जाता तो कभी चहलकदमी करता. सुबह होते-होते सैकड़ों लोग मौके पर उसे देखने पहुंच गए. वहीं, कई लोग घरों की छतों से

Uttarpradesh

## कन्नौज में पुलिस टीम पर फायरिंग, सिपाही की मौत... गोली चलाने वाले हिस्ट्रीशीटर और उसके बेटे का एनकाउंटर

**कन्नौज, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के कन्नौज में हिस्ट्रीशीटर को पकड़ने गई पुलिस टीम पर दबंगों ने हमला बोल दिया . दबंगों ने पुलिस पर सीधी फायरिंग झोंक दी. इस फायरिंग में सिपाही सचिन राठी को गोली लग गई. आनन-फानन उसे अस्पताल पहुंचाया गया. जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया. सिपाही की मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया. वहीं, इस वारदात से पुलिस महकमे में भी हड़कंप मचा हुआ है. हालांकि, घटना के कुछ देर बाद ही पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर अशोक यादव उर्फ मुन्ना और उसके बेटे को एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार कर लिया है. दोनों के पैर में गोली लगी है. वारदात को अंजाम देने के बाद वे भाग रहे थे.

New Delhi

## दरभंगा से मुंबई जा रही फ्लाइट में महिला की मौत, वाराणसी एयरपोर्ट पर आपात लैंडिंग

**दरभंगा, (एजेंसी)** दरभंगा से मुंबई जा रही स्पाइसजेट की फ्लाइट में एक महिला की मौत के बाद हड़कंप मच गया। आनन-फानन में विमान की शाम में वाराणसी एयरपोर्ट पर आपात लैंडिंग कराई गई। बताया जा रहा है कि महिला यात्री अपने पोते के साथ दरभंगा से मुंबई जा रही थी। विमान जब हवा में ही था, तब अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई। इसके बाद फ्लाइट की वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री एयरपोर्ट पर आपात मेडिकल लैंडिंग कराई गई। विमान के वाराणसी एयरपोर्ट पर उतरते ही मेडिकल टीम ने एंबुलेंस से महिला को पास के निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक, दरभंगा एयरपोर्ट से स्पाइसजेट का विमान (एसजी 116) मुम्बई जा रहा था। विमान जब हवा में ही था तभी बिहार की रहने वाली 85 वर्षीय महिला कलावती देवी की तबीयत खराब होने लगी। चालक दल ने महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए वाराणसी एयरपोर्ट के एटीसी से संपर्क कर मेडिकल इमरजेंसी का हवाला दिया। एटीसी से अनुमति मिलने पर विमान को डायवर्ट कर शाम 6 बजे वाराणसी बाबतपुर एयरपोर्ट पर उतारा गया।

खेल

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे-टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम का एलान, इन दो स्टार की ODI में हुई वापसी

**मुंबई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे और तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय महिला टीम का एलान कर दिया है। वनडे टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष और तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर की वापसी हुई है। वनडे 28 दिसंबर से दो जनवरी के बीच वानखेड़े स्टेडियम में खेले जाएंगे, जबकि टी20 मैच पांच से नौ जनवरी के बीच नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले जाएंगे।**

ऋचा घोष को इस जुलाई में बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए नहीं चुना गया था। अब पांच महीने बाद उनकी वनडे टीम में वापसी हुई। ऋचा को वानखेड़े स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में उनके



शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला है। वहीं, तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर और तितास साधु और बाएं हाथ की स्पिनर साइका इशाक को भी टीम में शामिल किया गया है। श्रेयांका पाटिल, जिन्होंने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 में प्रभावी प्रदर्शन किया था, उन्हें पहली बार वनडे टीम में भी शामिल किया गया है।

बांग्लादेश के खिलाफ पिछली वनडे सीरीज खेलने वाली और मौजूदा टीम में शामिल खिलाड़ियों में मेघना सिंह, देविका वैद्य और प्रिया पूनिया शामिल हैं। टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में इंग्लैंड के खिलाफ पिछली सीरीज से कोई बदलाव नहीं किया गया है जिसमें भारतीय महिला टीम को 2-1 के अंतर से हार का सामना करना पड़ा था। हरमनप्रीत कौर एंड कंपनी ने टेस्ट मैचों में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया को हराया है। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय में मौजूदा विश्व चैंपियन है और घरेलू सरजमीं पर भी उसे हराना आसान नहीं होगा।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम

**वनडे टीम**: हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), जेमिमा रॉड्रिग्स, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, श्रेयांका पाटिल, मन्नत कश्यप, साइका इशाक, रेणुका सिंह ठाकुर, तितास साधु, पूजा वस्त्राकर, स्नेह राणा और हरलीन देओल।

**टी20 टीम**: हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), जेमिमा रॉड्रिग्स, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, श्रेयांका पाटिल, मन्नत कश्यप, साइका इशाक, रेणुका सिंह ठाकुर, तितास साधु, पूजा वस्त्राकर, कनिका आहूजा, मिन्नू मनी।

सिनेमा

# 32 साल के स्टैंड-अप कॉमेडियन का निधन, कुछ दिन पहले ही मनाया था जन्मदिन, सदमे में फैंस



एंटरटेनमेंट की दुनिया का एक और चमकता सितारा इस दुनिया को अलविदा कह गया. कॉमेडियन नील नंदा अब इस दुनिया में नहीं रहे. 32 की उम्र में उन्होंने आखिरी सांस ली. हालांकि उनकी मौत कैसे हुई इसकी अभी तक कोई खबर नहीं मिल पाई है. लेकिन इस खबर से उनके फैंस ना सिर्फ निराश हैं बल्कि काफी शॉक्ड भी हैं. छोटी सी उम्र में नील ने खूब नाम कमाया. हाल ही में उन्होंने अपना जन्मदिन सेलिब्रेट किया था. नील भारतीय मूल के थे, लेकिन वो रहते लॉस एंजेलिस में थे. बचपन से ही उन्हें कॉमेडी करने का बहुत शौक था, इसी को उन्होंने अपना प्रोफेशन बनाया. नील के मैनेजर ग्रेग वाइस ने इस खबर की पुष्टि की. उन्होंने कहा कि उन्हें ये बताते हुए काफी दुख हो रहा है कि नील नंदा का निधन हो गया है. नील 11 साल से उनके क्लाइंट थे. मैनेजर ने कहा कि वो उन्हें तब से जानते थे, जब वो 19 साल के थे. दोनों ने साथ मिलकर शानदार काम किया. ग्रेग ने उन्हें महान कॉमेडियन और शानदार इंसान बताया. इस खबर के सामने आने के बाद हर कोई सदमे में है और ये जानने को बेताब है कि आखिर नील के साथ हुआ क्या. उनकी मौत आखिर हुई कैसे. लेकिन इस सभी सवालों पर फिलहाल परिवार ने चुप्पी साधी हुई है.

## संपादकीय

### हकीकत सामने लाने में करने से नहीं बचना चाहिए

जब भी किसी सत्ताधारी दल या उसके नेता पर किसी अनियमितता के आरोप लगते हैं, तो वे प्राय: उन्हें बेबुनियाद और सरकार को अस्थिर करने की साजिश के रूप में ही प्रचारित करने का प्रयास करते हैं। इस तरह इतनी बार राजनीतिक बयानबाजियां और सडक़ों पर धरने-प्रदर्शन आदि आयोजित किए जाते हैं कि आम लोगों में भ्रम की स्थिति बन जाती है। जबकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत अपेक्षा की जाती है कि संबंधित नेता साक्ष्य के जरिए उन आरोपों को खारिज करें और जनता के सामने खुद को निर्दोष साबित कर सकें। आम आदमी पार्टी के नेता और उसके संयोजक अरविंद केजरीवाल अपनी ईमानदारी का दावा करते नहीं थकते। इसलिए अब उन्हें हकीकत सामने लाने में सहयोग करने से नहीं बचना चाहिए। प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाला मामले में पूछताछ के लिए तीसरी बार नोटिस भेजा है। पहली बार वे इस तर्क पर हाजिर नहीं हुए कि ईडी ने अपने पत्र में उन्हें बुलाने का स्पष्ट कारण नहीं बताया था। तब उन्होंने पूछा था कि उन्हें किस हैसियत से बुलाया गया है, दिल्ली के मुख्यमंत्री या फिर आम आदमी पार्टी के संयोजक की हैसियत से। दूसरी बार के नोटिस पर भी उन्होंने लगभग इसी आशय का पत्र लिख कर स्पष्टीकरण मांगा और कहा था कि ईडी का नोटिस राजनीति से प्रेरित है। हालांकि इस महीने मिले नोटिस में दिए गए समय पर वे अपने पहले से तय विपश्यना कार्यक्रम के लिए बाहर रहने वाले थे। अब शायद उनके पास ऐसा कोई तर्क न हो। अरविंद केजरीवाल लगातार बयान देते रहे हैं कि वे कट्टर ईमानदार व्यक्ति हैं और उनके पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है। इसलिए स्वाभाविक ही पूछा जाता है कि अगर ऐसा है तो वे प्रवर्तन निदेशालय के सवालों से बचने का प्रयास क्यों कर रहे हैं। उन्हें निदेशालय के सामने अपना पक्ष रखना ही चाहिए, ताकि स्पष्ट हो सके कि वे वास्तव में ईमानदार हैं और शराब घोटाले में उनकी कोई भूमिका नहीं रही है। मगर शराब घोटाले संबंधी जांच को पहले ही दिन से राजनीतिक रंग दे दिया गया। पहले तो आम आदमी पार्टी के नेता जबानी बयान देकर यह साबित करने की कोशिश करते रहे कि नई आबकारी नीति पूरी तरह कानून सम्मत थी।

### Quote...

"Never let the fear of striking out keep you from playing the game."

-Babe Ruth

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

## अत्यंत सुख से ही विपत्ति का जन्म होता है...

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

### Health is Wealth

# बच्चे को हो जाए सर्दी-जुकाम तो घर पर ऐसे करें ठीक

### जानें दादी-नानी के देसी नुस्खे



सर्दियों के मौसम में सावधानी से रहने के बाद भी खांसी, जुकाम की समस्या हो ही जाती है, खासकर बात जब बच्चों की हो तो ठंड के दिनों में उनका बुरा हाल हो जाता है। बच्चों को घर में रखने के बाद भी उन्हें ठंड लग ही जाती है। ऐसे में अगर बच्चों को खांसी-जुकाम हो जाए तो कुछ देसी घरेलू नुस्खों से राहत मिल सकती है। जानिए बच्चों के सर्दी-जुकाम से निपटने के नुस्खे-

#### अपनाएं ये नुस्खे

1) इस नुस्खे को अपनाने के लिए जायफल को शुद्ध सरसों के तेल में भिगो दें। अच्छे से भीगने के बाद फिर इसे किसी भी पत्थर में रगड़ें और 6 महीने से ऊपर के अपने बच्चों को दें। अगर बच्चा 6 महीने से कम उम्र का है तो इससे बच्चों की मालिश करें। इसकी मालिश करने से भी काफी मदद मिलेगी। जायफल को घिसने के बाद आप वापस तेल में डाल सकते हैं और फिर से इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

2) बच्चे को हर्बल टी या गर्म पानी के साथ दो चम्मच शहद मिलाकर दे सकते हैं। शहद से बच्चों को आराम मिल सकता है। चाहें तो आप दो चम्मच शहद भी बच्चे को खिला सकते हैं। ध्यान रखें कि 12 महीने से कम उम्र के शिशुओं को शहद न खिलाएं।

3) अदरक कफ को काटकर खांसी को भी शांत करता है। ऐसे में बच्चों को अदरक की चाय पिला सकते हैं। इसे बनाने के लिए, ताजी अदरक के 1 इंच के टुकड़े को काट लें और 1 कप पानी में 10 से 15 मिनट तक उबालें। फिर इसे बच्चे को पीने दें। बहुत ज्यादा अदरक का इस्तेमाल ना करें क्योंकि इससे गले में जलन, पेट की परेशानी हो सकती है।

#### सबसे पहले करें ये काम

जुकाम के कारण नाक बंद होना, गले में खराश हो जाती हैं। इसके अलावा खांसी से भी बच्चे को थकान हो जाती है। ऐसे में शरीर को आराम पहुंचाना बहुत जरूरी है। इसलिए बच्चों को अच्छी तरह आराम करने के लिए कहें। कोशिश करें कि जब तक वे ठीक महसूस न करें तब तक स्कूल न भेजें।

## Highlights

1. I'm in video, they rubbed chilli on wounds: Man allegedly tortured by Army men in J&K
2. PM Modi skips annual Russian meet again, Jaishankar attends talks
3. Pics showing damage caused to Israel-linked ship after drone attack surface
4. BRS MLA Lasya Nanditha gets trapped in overloaded lift, rescued
5. Hijab Ban In KA Classrooms: Why CM Backtracked His Statement?

# 'Hope India will...': China promises 'consular protection' to Vivo employees

**NEW DEIHI, (Agency).** Days after the Enforcement Directorate arrested three Vivo India employees in connection with a money laundering probe, China on Monday said it will provide assistance to the arrested individuals.

The Chinese foreign ministry today said it was closely following the case and will provide "consular protection" to those arrested.

"The Chinese embassy and consulates in India will continue to provide consular protection and assistance to the individuals concerned in accordance with the law," Chinese foreign ministry spokesperson Mao Ning said.

She said China hopes India will provide the Chinese companies a "non-discriminatory" environment.

"The Chinese government firmly supports Chinese businesses in safeguarding their lawful rights and interests. We hope that India will fully recognise the mutually beneficial nature




of the business cooperation between our two countries and provide a fair, just, transparent and non-discriminatory business environment," she added.

The Enforcement Directorate has so far arrested the interim CEO of Vivo-India Hong Xuquan alias Terry, Chief Financial Officer (CFO) Harinder Dahiya, consultant Hemant Munjal, Lava International's MD Hari Om Rai, Chinese national Guangwen alias Andrew Kuang and chartered accountants Nitin Garg and Rajan Malik in connection with the case.

Earlier this month, ED filed a charge sheet against Vivo saying the company had used shell companies to remit ₹1 lakh crore abroad between 2014 and 2021.

Hari Om Rai was accused of assisting the company. Guangwen Kyang alias Andrew Kuang (a Chinese national who allegedly played a key role in Vivo's money laundering activities), Nitin Garg (chartered accountant who worked for Vivo) and Rajan Malik (statutory auditor of Lava) were also named in the charge sheet. Vivo was named as an accused in the document.

# Throwback: Jeff Bezos, one of world's richest men, draws inspiration from this quote on his fridge

**NEW DEIHI, (Agency)** Even Jeff Bezos, one of the world's richest peo, sometimes needs inspiration and motivation to surge forth in life. How does he cope with the solitude being at the top of the world brings along? Well, per a quote on his fridge, he moves forward in life by redefining success.

Bezos, the undisputed king of e-commerce in the world and a pioneering space



entrepreneur, tweeted a photo in 2018 that provided a glimpse into his thought process. "Love this quote. It's been on my fridge for years, and I see it every time I open the door. #Emerson," he had written.

The quote on the fridge is widely credited to Ralph Waldo Emerson.

"To laugh often and much; to win the respect of intelligent people and the affection of children; to earn the appreciation of honest critics and endure the betrayal of false friends; to appreciate beauty; to find the best in others; to leave the world a bit better, whether by a healthy child, a garden patch, or a redeemed social condition; to know even one life has breathed easier because you have lived. This is to have succeeded," the quote reads.

# ऑटो रिक्शा ड्राइवर ने लगाई फांसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एमआईजी इलाके में एक ऑटो ड्राइवर ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। बताया जाता है कि उसकी दो पत्नियां है। जिसमें दूसरी पत्नी के घर पर उसने यह कदम उठा लिया। पुलिस ने इस मामले में कमरा सील किया है।**

इधर मृतक के पास से एक खाली पेपर और पेन मिला। मृतक की नाबालिग बेटी ने इलाके में रहने वाली एक महिला पर रुपए के लेनदेन में परेशान करने का आरोप लगाया है। पुलिस से कहा कि पिताजी इस कारण से पिता डिप्रेशन में थे। पुलिस के मुताबिक रुस्तम की चाल में रहने वाले बालकिशन पिता चितरलाल मोदिया ने सोमवार को अपने घर में सुसाइड कर लिया। दूसरी पत्नी निर्मला ने दोपहर में उसे फंदे पर लटके देखा। इसके बाद एमवाय लेकर पहुंचे। पुलिस को मौके से एक खाली पेपर और पेन मिला है।

## महिला पर आरोप

नाबालिग बेटी ने बातचीत में बताया कि पिता पहले ठेकेदारी करते थे। करीब एक साल से वह ऑटो रिक्शा चलाने लगे। गोटू की चाल में रहने वाली एक महिला के मकान बनाने के चलते उनका करीब डेढ़ लाख का लेनदेन हुआ। महिला रुपए को लेकर दबाव बना रही थी। वह बालकिशन को झूठे केस में फंसाने की धमकी दे रही थी। तीन दिन से बालकिशन काफी परेशान थे। उसे महिला ने ऑटो रिक्शा चलाते समय रास्ते में रोककर धमकी भी दी। इस कारण से उसने यह कदम उठा लिया। परिवार के मुताबिक बालकिशन की एक पत्नी अन्नपूर्णा इलाके में रहती है। एमवाय में सोमवार को बालकिशन की मौत के बाद परिवार में आपसी विवाद भी हुए। पुलिस महिला को लेकर जांच करने की बात कह रही है।

# गर्लफ्रेंड के दोस्त को चाकू मारा

### घर पर अचानक पहुंचा और हमला कर फरार हुआ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लसूडिया में एक्स बॉयफ्रेंड द्वारा उसकी गर्लफ्रेंड के दोस्त को चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने गंभीर चोटों को देखते हुए हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। इधर, पुलिस आरोपी एक्स बॉयफ्रेंड की तलाश कर रही है।**

लसूडिया पुलिस के मुताबिक 17 साल के सोनू की शिकायत पर पुलिस ने नीरज पुत्र धर्मेंद्र पगारे निवासी मूसाखेड़ी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। सोनू ने बताया कि उसके साथ मेघा नाम की लड़की काम करती है। हम दोनों अच्छे दोस्त हैं। दोनों साथ घूमने लगे। सोमवार को सोनू दीक्षा इंटरप्राइजेस के पास महालक्ष्मी नगर में मेघा के फ्लैट पर पहुंचा। यहां नीरज को इस बात की जानकारी लगी तो वह भी फ्लैट पर पहुंचा और उसने सोनू से विवाद किया। इसके बाद चाकू निकालकर पेट पर हमला कर दिया।

सोनू बचने के लिये पीछे हटा तो चाकू उसके पैर में जा लगा। इसके बाद फिर से दूसरी बार नीरज ने हमला किया। जिसमें चाकू हाथ की कोहनी में जा लगा। तभी मेघा जोर-जोर से चीखने लगी। इस दौरान आरोपी हमला कर फरार हो गया। बाद में आसपास के लोगों की मदद से सोनू अस्पताल पहुंचा।

# चौकीदार ने किया तलवार से हमला

### स्ट्रीट डॉग को पत्थर मारने का था विवाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। राउ इलाके में रहने वाले रहने वाले एक रहवासी पर चौकीदार ने तलवार से हमला कर दिया। चौकीदार को उन्होंने स्ट्रीट डॉग को पत्थर मारने से रोका। इसके चलते विवाद हो गया। मामले में चौकीदार का वीडियो भी वायरल हुआ है। हालाकि दो दिन पहले ही चौकीदार केस दर्ज कर लिया गया। मामला ट्रेजर फेंटसी कॉलोनी का है। यहां महेन्द्र पाठक नाम के व्यक्ति पर इलाके की एक बिल्ड़िग में रहने वाले चौकीदार ने तलवार से हमला कर दिया। बताया जाता है कि देर रात चौकीदार ने डॉग पर पत्थर से हमला किया। इस पर महेन्द्र पाठक ने आपति ली ओर चौकीदार का वीडियो बनाया। वह गुस्सा हो गया। जिस पर उसने पाठक पर तलवार से हमला कर दिया। पुलिस केस दर्ज करने के बाद चौकीदार की तलाश कर रही है।

# अवैध शराब बेचते 57 आरोपी पकड़े

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। आबकारी विभाग ने अवैध शराब बेचने वाले 57 आरोपियों को पकड़ा है। इनके पास से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की गई है। सहायक आबकारी आयुक्त मनीष खरे ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक श स एक्टिवा में बड़ी मात्रा में शराब रखकर डिलेवरी देने जा रहा है। इस पर टीम ने घेराबंदी कर एक्टिवा सवार को रोका और दोपहिया वाहन की डिक्की की तलाशी ली तो उसके पास से बड़ी मात्रा में शराब मिली। आबकारी ने तस्कर से 59 लीटर देशी,75 लीटर विदेशी, 48 लीटर हाथ भट्टी मदिरा,220 लीटर महुआ लहान तथा एक दोपहिया वाहन जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसे गिर तार कर लिया गया है। आबकारी की अलग अलग टीमें लगातार होटल और ढाबों में चेकिंग अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही हैं। इसी कड़ी में आबकारी की टीमों ने एक दर्जन से अधिक रेस्टोरेंट और ढाबों में दबिश की। इस दौरान कई स्थानों पर शराब पिलाई जा रही थी। टीम ने न सिर्फ होटल व ढाबा संचालक पर कार्रवाई की बल्कि वहां शराब पी रहे लोगों के खिलाफ भी प्रकरण दर्ज किया गया। आबकारी की टीम ने एक दिन में करीब 57 लोगों पर आबकारी की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया।

# चलती कार पर हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। तेजाजी नगर में रविवार रात एक आईटी कंपनी के इंजीनियर पर चलती कार में दो एक्टिवा सवारों ने हमला बोलकर सरिए से कांच फोड़ दिया। इंजीनियर ने कार रोकी तो हमलावर फरार हो गए। इसकी शिकायत इंजीनियर रानीबाग निवासी संदीप ने पुलिस को कर दी है। हमलावर कौन थे और क्या उन्होंने लूट के इरादे से हमला किया था,इस मामले में पुलिस जांच कर रही है।

# तीन तस्करों से साढ़े पांच लाख की ब्राउन शुगर बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** आपरेशन प्रहार के तहत क्राइम ब्रांच ने तीन तस्करों से 5.50 लाख रुपए की ब्राउन शुगर बरामद की है। इनसे अन्य तस्करों के बारे में जानकारी ली जा रही है। क्राइम ब्रांच की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति मोटरसाइकल से एमआईजी क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले है। टीम ने एमआईजी पुलिस के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए अयोध्या पुरी कॉलोनी से तीन संदिग्धों को घेराबंदी कर पकड़ा। इनके नाम प्रशांत ठाकुर उर्फ छोटे निवासी नर्सिंग की चाल पाटनीपुरा, निखिल पाल उर्फ सन्नी निवासी नर्सिंग की चाल पाटनीपुरा और विशाल बिजोरे उर्फ चिरोंगी निवासी नर्सिंग की चाल पाटनीपुरा बताए गए हैं। इनकी तलाशी लेने पर इनके पास से 55 ग्राम ब्राउन शुगर मिली जिसकी कीमत करीब 5 लाख 50 हजार रुपए बताई गई है। ये जिस बाइक से आए थे वह भी जब्त कर ली गई। आरोपियों से पूछताछ कर अन्य तस्करों का पता लगाया जा रहा है।

# सांड ने उठाकर पटका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** समीपस्थ महू की सड़कों पर घूम रहे आवारा मवेशी जानलेवा साबित हो रहे हैं। स्थानीय प्रशासन इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहा। इसी अनदेखी के कारण गुजरखेड़ा में एक सांड ने 80 वर्षीय बुजुर्ग को पीछे से उठाकर फेंक दिया, जिसके बाद बुजुर्ग गम्भीर घायल हो गए। इसका वीडियो भी सामने आया है। घायल को उपचार के लिए शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बुजुर्ग का नाम देवी दिन है। उनके पोते सुजल ने बताया कि शनिवार को दादाजी घर के बाहर सड़क पर घूम रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए सांड ने उन्हें उठाकर फेंक दिया। इससे दादा की तीन पसली टूट गई। कंधा भी फैक्चर हुआ है। रीढ़ की हड्डी में भी गंभीर चोट आई है। मवेशियों से स्थानीय लोगों में काफी रोष व्याप्त है। घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें दिखाई दे रहा है कि सांड भागते हुए बुजुर्ग को पीछे से उछाल कर कई फीट ऊपर फेंक रहा है। बुजुर्ग के गिरते ही पीछे से एक और सांड दूसरे सांड की ओर भागता हुआ नजर आया।

# जिलाबदर घूमता मिला,रासुका की कार्रवाई

**इंदौर।** सेंट्रल कोतवाली इलाके में पुलिस ने जिलाबदर बदमाश को गिर तार कर लिया। उस पर रासुका की कार्रवाई की गई है। थाना सेंट्रल कोतवाली पुलिस के मुताबिक पकड़े गए बदमाश का नाम अमन वर्मा उर्फ मटन पिता सुभाष वर्मा निवासी नार्थ तोड़ा है। इसके खिलाफ आधा दर्जन से ज्यादा अपराध दर्ज हैं। जिलाबदर की कार्रवाई के बाद भी आरोपी शहर में घूमता हुआ पकड़ा गया।


DETECTIVE GROUP
Detecting the truth
विवाह के बंधन में बंधने से पहले एक बार तहकीकात ज़रूर करवाएँ
लीजिये डिटेक्टिव की मदद
+91-9110 50101
www.detectivegroup.in

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक